**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**02.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- आगामी वार्षिक बजट में विधायक प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए कल से शिमला में शुरू होंगी बैठकें–विपक्ष ने बैठक के बहिष्कार का लिया निर्णय।
- मुख्यमंत्री ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर दिया बल।
- दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता किशन कपूर राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन– लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई।
- प्रदेश में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व– कुल्लू में निकाली गई भगवान रघुनाथ जी की भव्य शोभा यात्रा।

**समाचार विस्तार से**

**विधायक प्राथमिकता**

प्रदेश के वर्ष 2025–2026 के वार्षिक बजट में विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए दो दिवसीय बैठको का दौर कल से शिमला में शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बैठक की अध्यक्षता करेंगे। कल तीन फरवरी को कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, सोलन, चंबा, बिलासपुर और लाहौल स्पीति के विधायकों के साथ बैठक होगी। इसी तरह 4 फरवरी को शिमला, मंडी, ऊना, हमीरपुर और सिरमौर ज़िले के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

**जयराम ठाकुर**

इस बीच भाजपा विधायक दल ने विधायक प्राथमिकता बैठकों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि बीते दो वर्षों में भाजपा विधायकों द्वारा बताए गए किसी भी काम को कांग्रेस सरकार ने प्राथमिकता नहीं दी है। उन्होंने कहा कि चुने हुए विधायकों के बजाए सरकार हारे हुए कांग्रेस नेताओं को तवज्जो दे रही है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन ज़िले के विधायकों को ज़िले की सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के लिए प्रयास करने को कहा है। उन्होंने आज शिमला में सोलन ज़िले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जनकल्याण व प्रदेश के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने विधायकों को इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयास करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सोलन ज़िले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**शांडिल**

सेना की आठवीं बटालियन डोगरा रेजिमेंट का 77वां स्थापना दिवस आज कांगड़ा ज़िले के ज्वालामुखी में मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि इस रेजिमेंट ने देश की रक्षा में अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ये बटालियन वर्ष 1948 में बनाई गई थी और बटालियन ने 1962, 1965, 1971 और कारगिल युद्ध में अपना योगदान दिया है। शांडिल ने बताया कि

वर्तमान सरकार ने सेनाओं और वीर सैनिकों का सम्मान करते हुए कुल 6 सौ 20 शौर्य पुरस्कार विजेताओं को करीब एक करोड़ 87 लाख रुपये की राशि आबंटित की है।

**<u>योजना</u>**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चंबा जिला के 7 राजस्व गांवों को चिन्हित किया गया है, जहां सोलर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन गांवों की जनसंख्या 2 हज़ार से अधिक है। ज़िले में संयंत्र स्थापित करने का कार्य शुरू हो गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि चार माह के बाद एसेसमेंट की जाएगी और सबसे अधिक संयंत्रों वाली पंचायतों को केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कार के तौर पर एक करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से जहां बिजली के बिल में राहत मिलेगी, वहीं ग्रीन हिमाचल का सपना भी साकार होगा।

इसी योजना के अंतर्गत घरेलू छतों पर लगाए जा रहे रूफ टॉप सोलर योजना में भी चंबा ज़िला में कार्य प्रगति पर है। ज़िले में बिजली बोर्ड द्वारा एक हजार 6 सौ 93 किलोवाट बिजली क्षमता के अभी तक एक सौ नवासी आवेदन पत्र स्वीकार कर सोलर संयंत्र लगाए जा रहे हैं, जिसमें से 10 सोलर संयंत्र स्थापित भी किए जा चुके हैं। इनमें से ऐसे सोलर विद्युत संयंत्र लगाने वाले 5 बिजली उपभोक्ताओं को 4 लाख 29 हजार रुपये का अनुदान भी जारी किया जा चुका है।

**<u>किशन कपूर</u>**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री दिवंगत किशन कपूर का आज धर्मशाला के समीप खन्यारा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। किशन कपूर का बीते कल पीजीआई चंडीगढ़ में लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने दिवंगत नेता को अंतिम विदाई दी। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित पार्टी के अन्य नेता इस अवसर पर मौजूद रहे। राजीव बिंदल ने किशन कपूर के निधन को भाजपा और प्रदेश की राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

**<u>शिक्षा मंत्री</u>**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि केवल दो वर्षों में हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना है। वे आज शिमला ज़िले के जुब्बल क्षेत्र के सुंडली में एक खेल प्रतियोगिता के समापन पर बोल रहे थे। एनुअल स्टेट ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट के 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के रीडिंग स्तर में हिमाचल को पहला स्थान मिला है जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

**<u>बसंत पंचमी</u>**

बसंत पंचमी का त्योहार देश सहित प्रदेश में आज पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। देश से भिन्न कुल्लू में इस अवसर पर भगवान रघुनाथजी की शोभा यात्रा निकाल कर उन्हें ढालपुर मैदान तक लाया गया, जहां से उन्हें रथ पर बिठा उनके अस्थायी शिविर तक ले जाया गया। एक रिपोर्ट......

***<u>बसंत पंचमी पर कुल्लू के ढालपुर में निकाली गई रथ यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कुल्लू में बसंत पंचमी को भरत मिलाप के रूप में भी मनाया जाता है। दोपहर की पूजा के बाद भगवान रघुनाथजी को गुलाल चढ़ाया गया। आगामी 40 दिनों तक शाम की पूजा के समय गुलाल चढ़ाने का ये क्रम जारी रहेगा और चालीसवें दिन होली का त्योहार मनाया जायेगा। कुल्लू में बसंत पंचमी से ही होली के त्योहार की शुरुआत हो जाती है। पारंपरिक वेशभूषा और खासतौर पीले वस्त्रों में सज–धज कर आए लोगों ने आज इस पर्व की खूब रौनक बढ़ाई। इस अवसर पर भगवान रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिन्ह व राज परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।</u>***

*प्रादेशिक समाचार के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा के साथ समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।*

**<u>हादसा</u>**

किन्नौर ज़िले में शौंगटौंग के समीप बीती रात एक मिक्सचर वाहन के सतलुज नदी में गिर जाने से दो युवकों के लापता होने की सूचना है। हादसे में लापता हुए युवकों की पहचान जम्मू कश्मीर

के किश्तवाड़ निवासी रिखी परियार और उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी कन्या लाल के रूप में हुई है। दोनों लापता युवकों की तलाशी के लिए एनडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया है।

**न्यायालय**

सर्वोच्च न्यायालय में कल एक याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशा–निर्देश लागू करने की मांग की गई है। याचिका में राज्यों को यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि वे प्रयागराज में अपने सुविधा केंद्र स्थापित करें और आपात स्थिति में अपने राज्यों के नागरिकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध करायें और सहायता करें।

**जीएसटी संग्रह**

इस वर्ष जनवरी महीने में वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी. के रूप में एक लाख 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कुल राजस्व प्राप्त हुआ है। यह पिछले वर्ष जनवरी माह की तुलना में 12 दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जनवरी में केंद्रीय वस्तु और सेवा कर संग्रह 36 हजार 77 करोड़ रुपये और राज्य वस्तु और सेवा कर 44 हजार 9 सौ 42 करोड़ रुपए है। एकीकृत वस्तु और सेवा कर संग्रह की राशि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक और उपकर 13 हजार 4 सौ 12 करोड़ रुपये ळें

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- आगामी वार्षिक बजट में विधायक प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए कल से शिमला में शुरू होंगी बैठकें–विपक्ष ने बैठक के बहिष्कार का लिया निर्णय।
- मुख्यमंत्री ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर दिया बल।
- दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता किशन कपूर राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन– लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई।
- प्रदेश में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व– कुल्लू में निकाली गई भगवान रघुनाथ जी की भव्य शोभा यात्रा।

——————————